(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने दूध उत्पादन करने वाली इन छोटी इकाइयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कोई अतिरिक्त प्रबंध किया है ;" और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) लैक्टोस, केसिन, वे पाउडर, पनीर, डेरी बाइटनर, मक्खन आदि जैसे मूल्यवर्धित उत्पादों की क्षमता बढ़ाने की पर्याप्त गुंजाइश है ।

(ख) बहुराष्ट्रीय कंपनियों को दूध से बनने वाली वस्तुएं बनाने की अनुमति है ।

(ग) जी हां ।

(घ) और (ङ) "ऑपरेशन फ्लड" के तहत गांव की डेरी सहकारिताओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है । इनके सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे व्यक्ति होते हैं जिनके पास दुधारू पशु होते हैं । वर्ष 1991–92, 1992–93, 1993–94 और 1994–95 के दौरान (अनंतिम) ऑपरेशन फ्लड III कार्यक्रम के तहत राज्यों को क्रमशः 6,263.05 लाख रु0, 11,285.72 लाख रु0, 23,093.36 लाख रु0 और 15,762.78 लाख रु0 की कुल धनराशि जारी की गई है ।

शिशु आहार के उत्पादन के लिए दुग्ध-संयंत्र

7986. श्री अजीत जोगी :

श्री मूलचन्द मीणा :

क्या खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गत पांच वर्षों के दौरान शिशु-आहार का उत्पादन करने के लिए दुग्ध संयंत्रों की स्थापना की है ;

(ख) यदि हां तो ऐसा प्रत्येक संयंत्र कहां-कहां स्थित है तथा प्रत्येक की उत्पादन क्षमता कितनी है ; और

(ग) इन संयंत्रों में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं ?

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) : (क) केन्द्रीय सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्वयं स्थापना नहीं करती है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Installed capacity of fruit and vegetable processing industries in Gujarat

7987. SHRI ANANTRAY DEVSHANKER DAVE: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the installed capacity of fruit and vegetable processing industries in all the States has increased considerably in the recent past;

(b) if so, the details thereof; and

(c) what is the position of Gujarat, in this regard?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF FOOD PROCESSING INDUSTRIES (SHRI TARUN GOGOI): (a) to (c) Installed capacity of fruit and vegetable processing industries has increased in all the States, including Gujarat, in compassion to. the previous year, except in Haryana and Pondicherry.

Production of baby foods

7988. SHRI GUNDAPPA KORWAR: Will the Minister of FOOD PROCESSING INDUSTRIES be pleased to stats:

(a) the total production of baby foods during the last three years, State-wise; and

(b) the share of major producers in the total production including cooperative dairies?